सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड

राजभवन देहरादून13 अक्टूबर, 2022

राजभवन में प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर ने राजभवन परिवार की महिलाओं के साथ सामूहिक रूप से करवा चौथ का त्यौहार मनाया। इसमें अपर सचिव श्रीमती स्वाती एस भदौरिया, वित्त नियंत्रक तृप्ति श्रीवास्तव, अरूणिमा सिन्हा, सुरभी सिरोही सहित कई महिलाएं शामिल हुईं। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें महिलाओं ने बढ़–चढ़ कर भागीदारी की। महिलाओं को उपहार भी दिए। श्रीमती गुरमीत कौर ने सभी उपस्थित महिलाओं को करवा चौथ के अवसर पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि करवा चौथ भारतीय संस्कृति के प्राचीन त्योहारों में एक प्राचीन त्यौहार है। सुहागिन महिलाएं यह निर्जला व्रत अपने पति की कुशलता और दीर्घायु के लिए रखती हैं। श्रीमती कौर ने कहा कि राजभवन परिवार की सभी महिलाओं द्वारा सामूहिक कार्यक्रम में प्रतिभाग कर सभी त्योहार एक साथ मनाये जाते हैं। उन्होंने कहा कि त्योहारों को एक साथ मनाने से हमें एक दूसरे के सुख दुख में भागीदारी को मौका मिलता है। इससे पूर्व भी कई अवसरों पर भी राजभवन में फैमिली वेलफेयर कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं जिसमें राजभवन परिवार के सभी सदस्यों ने एक साथ प्रतिभाग किया।

...........0............

सूचना परिसर राजभवन टेली0 फै0–0135.2756172